# कार्यालय प्रमुख अभियन्ता
# उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग
# देहरादून।

(भूगर्भीय आख्या)

आख्या संख्या 56 / 2567 / 13

जनपद देहरादून के अन्तर्गत ग्रामसभा रैनापुर में गिरधारी लाल फार्म से तुड़ान मजरे तक मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित समरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।

मई 2013

# जनपद देहरादून के अन्तर्गत ग्रामसभा रैनापुर में गिरधारी लाल फार्म से तुड़ान मजरे तक मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित समरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।

1. अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग ऋषिकेश के अन्तर्गत ग्रामसभा रैनापुर में गिरधारी लाल फार्म से तुड़ान मजरे तक 1.5 कि0मी0 लम्बाई में मार्ग का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, ऋषिकेश के अनुरोध पर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित समरेखन का अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 04.05.2013 को सम्बंधित अपर सहायक अभियन्ता श्री भूपेश गुंसाई के साथ निरीक्षण किया गया।

2. राज्य योजना के अन्तर्गत ग्रामसभा रैनापुर में गिरधारी लाल फार्म से तुड़ान मजरे तक 1.5 कि0मी0 लम्बाई में मार्ग का निर्माण कार्य स्वीकृत है। अवगत कराया गया कि मार्ग पूर्ण लम्बाई में आरक्षित वन भूमि से होकर गुजरता है तथा वनविभाग द्वारा एक ही समरेखन पर सर्वे की अनुमति दी गई है। अतः मार्ग का एक ही समरेखन प्रस्तावित है। प्रस्तावित समरेखन चौधरी गिरधारी लाल मार्ग के कि0मी0 7 से आरम्भ होता है तथा प्राथमिक विद्यालय लिस्ट्राबाद नवीन से होते हुये प्राथमिक विद्यालय तुड़ान मजरे के समीप पूर्ण होता है। अधिकांश लम्बाई में वनभूमि की सीमा में पुराने पारम्परिक कच्चे मार्ग पर ही मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव है। इस समरेखन पर कम पेड़ों के पातन की आवश्यकता होगी। अवगत कराया गया कि वनविभाग के कर्मियों के साथ स्थल का संयुक्त निरीक्षण हो चुका है। यह जनपद का मैदानी क्षेत्र है तथा भूमि लगभग समतल है। इस क्षेत्र में भूमि में मुख्यतः सैण्ड, सिल्ट व ग्रेवल आदि हैं।

3. समरेखन क्षेत्र की भूगर्भीय स्थिति, भू–आकृति एवं उक्त प्रस्तर में वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुये निम्न सुझाव दिये जा रहे हैं, जिन्हें प्रस्तावित मार्ग के निर्माण में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।

(क) समरेखन क्षेत्र की soil properties का संज्ञान लेते हुये मार्ग का डिजाइन/crust thickness का निर्धारण किया जाये।

(ख) मार्ग का निर्माण निर्धारित समरेखन पर अपेक्षाकृत ऊंचे embankment पर कराया जाये जिससे मार्ग का लेवल समीपस्थ भूमि से ऊंचा रहे।

(ग) यह सुनिश्चित किया जाये कि वर्षाकाल में मार्ग पर पानी का अनियंत्रित प्रवाह न हो, तथा मार्ग पर कहीं पानी ठहरने की स्थिति न हो।

(घ) निर्धारित मानकों के अनुसार मार्ग पर समुचित Camber एवं ग्रेडियन्ट का प्रावधान किया जाये।

Photo copy
Attested

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0 नि0 वि0
ऋषिकेश (देहरादून)

(ड़) मार्ग पर यथा आवश्यक क्रास ड्रेन एवं रोड साईड ड्रेन का प्रावधान किया जाये।

(च) मार्ग निर्माण के लिये निर्धारित सिविल अभियांत्रिकी के अन्य मानकों एवं विशिष्टियों का भी पालन किया जाये।

4. ग्राम सभा रैनापुर में गिरधारी लाल फार्म से तुड़ान मजरे तक मार्ग के निर्माण हेतु 1.5 कि0मी0 लम्बाई का प्रस्तावित समरेखन उपरोक्त सुझावों के साथ मार्ग निर्माण के लिये भूगर्भीय दृष्टि से उपयुक्त है।

टिप्पणीः— प्रश्नगत क्षेत्र में किये गये निरीक्षण एवं खण्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के आधार पर भूमि हस्तांतरण की दृष्टि से यह एक जनरलाइज्ड आख्या है।

H. Kumar 14.5.13
वरिष्ठ भूवैज्ञानिक
कार्यालय मुख्य अभि. स्तर–I
लो०नि०वि०, उत्तराखण्ड
देहरादून

Photo copy Attested

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो० नि० वि०
ऋषिकेश (देहरादून)